## संपादकीय

# स्वदेशी सुरक्षा कवच


एशिया के सबसे बड़े डिफेंस एक्सपो का लखनऊ में आयोजन मोदी सरकार की रक्षाउत्पादन में आत्मनिर्भरता की नीति की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। तीस से अधिक मित्र देशों के रक्षा मंत्रियों तथा 70 से अधिक विदेशी रक्षा कंपनियों व रक्षा विशेषज्ञों की इसमें भागीदारी आयोजन के महत्व को ही जाहिर करती है। सरकार का यह बयान भरोसा जगाता है कि पिछले दो सालों में 17000 करोड़ के रक्षा उत्पादों का निर्यात हुआ है और अगले पांच वर्षों में इसे 35 हजार करोड़ करने का लक्ष्य है। यह विडंबना ही रही है कि आजादी से पहले रक्षा उत्पादन में अग्रणी रहा भारत सत्ताधीशों की काहिली से दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार बन गया। भारत ने अपनी इस क्षमता का उपयोग नहीं किया। न जाने क्यों देशकी रणनीति और नीति हथियारों की खरीद पर केंद्रित होकर रह गई। यह अच्छी बात है कि राजग सरकार ने रक्षा अनुसंधान व विकास की उच्च क्षमता तथा रक्षा उत्पादों के देश में उत्पादन को अपनी प्राथमिकता बनाया है। इसके लिये देश में मूलभूत ढांचा तैयार करना भी जरूरी है ताकि स्वदेशी निर्माण से बहुमूल्य विदेशी मुद्रा बच सके और रोजगार के अवसर भी बढ़ सकें। नि:संदेह इससे देश में निवेश और नवोन्मेष का वातावरण बन सकेगा। लेकिन यह सिर्फ रक्षा निर्माण में लगी सरकारी संस्थाओं के भरोसे संभव नहीं है, इसमें निजी क्षेत्र की बड़ी भूमिका तलाशी जानी चाहिए। इतना ही नहीं, रक्षा साजो-सामान उत्पादकों और उपयोगकर्ताओं के बीच भी सामंजस्य जरूरी है। तभी राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। बदलते वक्त के साथ रक्षा तकनीकों में भारी बदलाव आया है। आधुनिक युद्ध परंपरागत हथियारों के बूते नहीं लड़े जा सकते । आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की उसमें निर्णायक भूमिका होने वाली है। यह अच्छी बात है कि सरकार ने इस दिशा में पहल की है और बजट में इस लक्ष्य हेतु संसाधन उपलब्ध कराये हैं।

सरकार ने उत्तर प्रदेश को रक्षा उत्पादों का हब बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इससे पहले भी रूस की मदद से हथियार उत्पादन इकाई का विस्तार किया गया था। लखनऊ में ग्यारहवें डिफेंस एक्सपो का आयोजन इसी कड़ी का विस्तार है जो कि रक्षा निर्माण गलियारा योजना का हिस्सा है। उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दावा कर रहे हैं कि इस आयोजन के बाद उ.प्र. में पचास हजार करोड़ का निवेश होगा और तीन लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। हालांकि यह आंकड़ा कब हकीकत में बदलेगा, कहना कठिन है मगर इसे एक अच्छी शुरुआत तो कहा ही जा सकता है। 'डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन ऑफ डिफेंस' थीम पर आधारित इस आयोजन में रक्षा कंपनियों ने जैसा उत्साह दिखाया है, वह उम्मीद जगाता है। सरकार ने जिस तरह भारतीय आयुध निर्माता कंपनियों के लिये इंडसट्रियल लाइसेंसिंग प्रणाली को उदार बनाया है, उससे देश में रक्षा उत्पादन में निजी कंपनियों की बड़ी भूमिका आने वाले दिनों में हो सकती है।

# बिल गेट्स ने खरीदी 4600 करोड़ की सुपरयाट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स और माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने शानदार सुपरयॉट खरीदा है।





यह सुपरयॉट केवल लिच्डि हाइड्रोजन पर चलता है। मतलब साफ है कि यह सुपरयॉट ईंधन के बाइप्रोडक्ट में केवल पानी ही उत्सर्जित करती है। कई विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स में इसकी कीमत 645 मिलियन डॉलर (करीब 4,600 करोड़ रुपये) बताई जा रही है। पिछले साल ही इस सुपरयॉट का प्लान मोनेको यॉट शो में जारी किया गया था। अब तक के सबसे महंगे सुपरयॉट में से यह एक है, जिसकी कुल लंबाई 370 फीट है। इसमें पांच डेक्स हैं। इसमें एकसाथ 14 लोग सफर कर सकते हैं। साथ ही इस सुपरयाट में करीब 30 क्रू मेंबर काम कर सकते हैं। इस सुपर लग्जरी याट में जिम, योग स्टूडियो, मसाज पार्लर और स्वीमिंग पूल भी है। इस सुपरयाट की सबसे खास बात यह है कि इसमें एक बार लिच्डि हाइड्रोजन भरने के बाद यह करीब 6437 किलोमीटर चलेगी। इस सुपरयाट का नाम है एचा। बिल गेट्स इस सुपरयाट को 2024 में हासिल कर सकेंगे। इसे बनाने वाली कंपनी ने कहा है कि इस सुपर लग्जरी ईको-फ्रेंडली याट को बनाने में करीब चार साल का समय लगेगा। बिल गेट्स से मिले पैसों के जरिए इसका निर्माण और तेजी से होगा।

एचा सुपरयाट के अंदर होम सिनेमा थियेटर भी है। जहां एकसाथ 20 लोग बैठकर फिल्म का मजा भी ले सकते हैं। एचा सुपरयाट की गति करीब 32 किलोमीटर प्रति घंटा है। इसके अंदर 4 गेस्ट रूम, 2 वीआईपी स्टेट रूम और 1 पवेलियन है। बिल गेट्स छुट्टियों में सुपरयॉट पर ट्रैवल के लिए कई बार पहले भी चर्चाओं में रह चुके हैं। हालांकि, यह पहली बार है कि उन्होंने खुद की कोई सुपरयॉट खरीदने का फैसला किया है। इसके पहले वो अपने समर ट्रिप्स के लिए किराए पर लिए गए यॉट्स का इस्तेमाल करते रहे हैं।

# जनवरी में 6 सालों के उच्चतम स्तर पर हो सकती है महंगाई

**» आरबीआई से रेट कट की उम्मीद आगे भी नहीं**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिसंबर महीने में रीटेल महंगाई पांच वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। रॉयटर्स के सर्वे के मुताबिक, जनवरी महीने में इसमें और तेजी आ सकती है। फूड प्राइस में अभी तक गिरावट नहीं दर्ज की गई है। ऐसे में संभावना है कि रिजर्व बैंक आने वाले दिनों में रीपो रेट में कोई बदलाव नहीं करेगा। इस साल मौद्रिक समिति की पहली बैठक में रीपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया। दिसंबर में हुई बैठक में भी रीपो रेट स्थिर रखा गया था।

सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी में खुदरा महंगाई दर 7.4 फीसदी रह सकती है जो दिसंबर 2014 के बाद सबसे अधिक होगी। दिसंबर महीने में खुदरा महंगाई दर 7.35 फीसदी रही थी। उस समय कहा गया था कि प्याज की आसमान छूती कीमत के कारण खुदरा महंगाई में बहुत अछाल आया है। उस समय प्याज का रेट 140 रुपये किलोग्राम के पार पहुंच गया था। आर्थिक सुस्ती के बावजूद रिजर्व बैंक लगातार दो बार से रीपो रेट में कोई बदलाव नहीं कर रहा है। दरअसल महंगाई को लेकर रिजर्व बैंक का लक्ष्य 2-6 फीसदी के बीच है, लेकिन यह उससे काफी आगे है।

# वाहन उद्योग में सुस्ती जारी, जनवरी में 14 फीसदी घटी बिक्री



**ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)।** घरेलू वाहन उद्योग में गिरावट का रुख साल के पहले महीने में भी जारी रहा और सभी श्रेणी के वाहनों की कुल बिक्री 13.83 प्रतिशत घटकर 17,39,975 इकाई रह गयी। यात्री वाहनों की बिक्री भी 6.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,62,714 इकाई रही। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी में तिपहिया को छोड़ कर अन्य सभी श्रेणी के वाहनों की बिक्री घटी है। दुपहिया वाहनों की बिक्री 16.06 फीसदी की गिरावट के साथ 13,41,005 इकाई रही। जनवरी में देश में कुल 75,289 वाणिज्यिक वाहन बिके जो जनवरी 2019 के मुकाबले 14.04 प्रतिशत कम हैं। इस दौरान तिपहिया वाहनों की बिक्री 12.69 प्रतिशत बढ़कर 60,903 ईकाई पर पहुंच गयी।

## शुरुआती कारोबार में रुपया आठ पैसे मजबूत

**मुंबई (आरएनएस)।** कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे की मजबूती के साथ 71.32 पर खुला। मुद्रा कारोबारियों के अनुसार अन्य विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने से रुपये को समर्थन मिला। हालांकि घरेलू संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से यह तेजी सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार पर डॉलर के मुकाबले रुपया 71.36 पर खुला।

# अंतिम वनडे के लिए सोढ़ी और टिकनर कीवी टीम में शामिल

**माउंट माउंगानुई।** अपने खिलाड़ियों की चोट से परेशान न्यू जीलैंड ने भारत के साथ मंगलवार को यहां बे ओवल मैदान पर होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे मैच के लिए इश सोढ़ी और ब्लेयर टिकनर को टीम में शामिल करने का फैसला किया है।

सोढ़ी और टिकनर क्राइस्टचर्च में इंडिया-ए के साथ जारी दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच में न्यू जीलैंड ए टीम का हिस्सा थे। कीवी टीम अपने खिलाड़ियों की चोट से परेशान है।

मिशेल सैंटनर, टिम साउदी पेट की समस्या से पीड़ित हैं, जबकि स्काट कुगेलेजिन को वायरल फीवर है। इन तीनों के तीसरे वनडे में खेलने को लेकर संदेह है। सैंटनर और कुगेलेजिन तो भारत के साथ ऑकलैंड में हुए दूसरे वनडे में भी नहीं खेल सके थे। साउदी हालांकि तबीयत पूरी तरह ठीक नहीं होने के बावजूद खेले थे और उन्होंने विराट कोहली का विकेट भी लिया था। इन सबके अलावा कीवी टीम के कप्तान केन विलियम्सन भी



चोटिल हैं। केन कंधे की चोट के कारण पांच मैचों की टी-20 सीरीज के अंतिम दो मुकाबलों और शुरुआती दो वनडे मैचों में नहीं खेल सके थे। पांच मैचों की टी-20 सीरीज 0-5 से गंवाने के बाद कीवी टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। वनडे सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी।

# बेंगलुरू रैप्टर्स लगातार दूसरी बार बने पीबीएल चैम्पियन


**हैदराबाद।** वर्ल्ड नम्बर-2 ताई जू यिंग के नेतृत्व में खेल रही बेंगलुरू रैप्टर्स टीम ने रविवार को यहां जीएमसी बालयोगी स्टैट्स स्टेडियम में नॉर्थ ईस्टर्न वॉरियर्स को हराते हुए लगातार दूसरी बार स्टार स्पोटर्स प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) का खिताब जीत लिया। रैप्टर्स लगातार दो बार चैम्पियन बनने वाली पीबीएल इतिहास की पहली टीम बन गयी है।

लीग के पांचवें सीजन के खिताबी मुकाबले में रैप्टर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-2 से जीत हासिल की। रैप्टर्स के लिए विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले बी साई प्रणीत, ताई जू यिंग और चान पेंग सून और इयोम हेई वोन की मिश्रित युगल जोड़ी ने जीत हासिल की। सून और वोन ने अपनी टीम के लिए ट्रम्प मैच जीतते हुए उसे चैम्पियन बनाया। रैप्टर्स को हालांकि दिन के दूसरे मुकाबले में हार मिली थी, जो वॉरियर्स का ट्रम्प मैच था लेकिन यिंग ने इसके बाद मिशेल ली को हराते हुए अपनी टीम को 2-2 की बराबरी दिला दी थी।



दिन का पहला मुकाबला पुरुष एकल था, जिसमें रैप्टर्स के स्टार खिलाड़ी प्रणीत ने वॉरियर्स के ली चेयुक यियु को 14-15, 15-9, 15-3 से हराया। पहले गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की भिड़ंत चल रही थी। चेयुक ने हालांकि यह गेम 15-14 से अपने नाम किया लेकिन इसके बाद साई ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अगसे दो गेम 15-9, 15-3 से जीतते हुए अपनी टीम को एक अंक दिला दिया।

# लाल निशान में शेयर बाजार, निफ्टी भी फिसला



**मुंबई (आरएनएस)।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स सुबह 10.11 बजे पिछले सत्र से 249.74 अंकों यानी 0.61 फीसदी की कमजोरी के साथ 40,892.11 पर कारोबार कर रहा था।

निफ्टी भी पिछले सत्र से 76.50 अंकों यानी 0.63 फीसदी नीचे 12,021.85 पर बना हुआ था। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक यानी सेंसेक्स इससे पहले 41,166.72 पर खुला। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी 12,102.35 पर खुला।

## आज का राशिफल

*मेषः* आज व्यापार में प्रगति से आपको हर्ष होगा। वैवाहिक जीवन भी आज आनन्ददायक बीतेगा।

*वृषभः* राशि स्वामी शु की एकादश भाव में स्थिति और चन्द्रमा का कर्क राशि पर संचार आश्चर्य और मनःसंतोष देने वाला है।

*मिथुनः* राशि अधिपति बुध नवम भाव में तथा चन्द्रमा कर्क राशि का है। फलस्वरूप आज जो भी काम आप करेंगे सरलता से बन जाएगा।

*कर्कः* राशि से षष्ठम शत्रु भाव में धनुः राशि का गुरु और प्रथम भाव में चन्द्रमा आज सर्वत्र विजय, विभूति, सफलता देने वाला है।

*सिंहः* सांसारिक सुख भोग, सम्मान वृद्धि, भाग्य विकास का सुयोग तो चल ही रहा है, नई खोजों में भी रुचि बढ़ेगी।

*कन्याः* आज किसी प्रिय व्यक्ति के स्वास्थ्य को लेकर आप चिंतित हो सकते हैं।

*तुलाः* आज का दिन मिलाजुला प्रभाव रखेगा। किसी भी मामले में फैसला जल्दबाजी में न करें।

*वृश्चिकः* आज आपकी अपने साथियों के बीच लोकप्रियता बढ़ेगी। किसी राजनयिक से निकटता व दोस्ती होगी और उसके अनुभव का लाभ भी आपको होगा।

*धनुः* आज आपके विरोधी परास्त होंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

*मकरः* आज आपको कोई उपहार या सम्मान का लाभ मिलेगा। कोई पुरानी महिला मित्र से अकस्मात् धन लाभ का हर्ष हो सकता है।

*कुंभः* राशि का स्वामी शनि उदय हो चुका है। षष्ठम शत्रुभाव में चन्द्रमा संतान पक्ष से हर्ष और लक्ष्मी की बड़ी मात्रा में प्राप्ति से कोषवृद्धि कारक है।

*मीनः* राशि स्वामी देव गुरु बृहस्पति धनुः राशि पर विराजमान होने से आपका उत्कर्ष कर रहे हैं। आज सुबह से ही भागदौड़ रहेगी।

# फिर से आशिक बनाने आ रही हैं तनुश्री दत्ता



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस तनुश्री दत्ता एक बार फिर अपने इंडियन फैन्स के सामने हैं और इस बार उनके फैन्स को उनका एक अलग अंदाज़ नजर आनेवाला है। दरअसल बॉलिवुड में चबी ऐक्ट्रेस के तौर पर जानी जानेवालीं तनुश्री दत्ता इस बार काफी स्लिम ट्रिम और फिट नजर आई हैं। जी हां, तनुश्री बताया है कि उन्होंने पिछले एक साल में अपना 8 किलो वजन कम कर लिया है। वजन कम होने के बाद उनके लुक्स में काफी चेंज नजर आ रहा है और पहले की तुलना में वह काफी टोन्ड नजर आ रही हैं।

साल 2010 में आखिरी बार फिल्म अपार्टमेंट में बड़े पर्दे पर नजर आ चुकीं तनुश्री दत्ता 26 सितम्बर 2018 को अचानक सुर्खियों में छा गईं। वजह थी मशहूर फिल्म ऐक्टर नाना पाटेकर को लेकर उनके बयान। उन्होंने नाना पर फिल्म हॉर्न ओके प्लीज़ के दौरान सेक्शुअल हैरसमेंट का आरोप लगाया। यह खबर आग की तरह मीडिया में फैली और इसके साथ कई और नाम घसीटे गए, जिनके बारे में कहा गया कि उस समय उन्होंने ऐक्ट्रेस की बजाय नाना का साथ दिया था। तब इसकी शिकायत इन्होंने सिने और टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन में की थी लेकिन इनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। इस घटना ने बॉलिवुड में मीटू अभियान की आंधी चला दी और फिर एक-एक कर कई महिलाएं सामने आईं और अपने साथ हुई ऐसी घटनाओं का खुलासा करने लगीं।

# मुंबई सागा में गजब दिखेंगे इमरान हाशमी



पिछले काफी दिनों से संजय गुप्ता के डायरेक्शन में बन रही फिल्म मुंबई सागा चर्चा में है। फिल्म में जॉन अब्राहम, इमरान हाशमी, सुनील शेट्टी, काजल अग्रवाल, महेश मांजरेकर और प्रतीक बब्बर लीड रोल में हैं। कुछ दिनों पहले ही फिल्म से जॉन अब्राहम का फर्स्ट लुक सामने आया था जिसे लोगों ने काफी पसंद किया था। फिल्म में जॉन अब्राहम एक गैंगस्टर का रोल निभा रहे हैं जबकि उनके सामने एक एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के तौर पर इमरान हाशमी होंगे। अब इस फिल्म से इमरान हाशमी का फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है। वैसे इमरान पुलिसवाले के रोल में काफी इंप्रेसिव लग रहे हैं। पहले पहल जब संजय गुप्ता ने उन्हें इस रोल के लिए अप्रोच किया था तो वह ताज्जुब में पड़ गए थे क्योंकि उन्हें गैंगस्टर नहीं बल्कि पुलिसवाले का रोल दिया गया था। इस बारे में उन्होंने कहा, मैंने ऐसे कई किरदार रिजेक्ट किए थे जो वन्स अपॉन अ टाइम इन मुंबई के मेरे शोएब खान वाले किरदार जैसे थे। हो सकता है कि मैं संजय की फिल्म का ही इंतजार कर रहा था। हालांकि इमरान का रोल फिल्म में ग्रे शेड वाला है। वह एक ऐसे एनकाउंटर स्पेशलिस्ट हैं जो अपने रास्ते में आने वाले किसी भी आदमी को गोली मार देता है। इमरान ने कहा कि भले ही उनका यह किरदार पुलिसवाले का है लेकिन यह किसी गैंगस्टर से कम नहीं है। अब जॉन के बाद इमरान के फर्स्ट लुक को देखकर कहा जा सकता है कि फैन्स को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार होगा।

# मेथी पुलाव बना कर खाएं जो आपको ठंडी से बचाएं

### सामग्री :-

एक कप चावल

एक कप मेथी के पत्ते साफ किया हुआ

2 हरी मिर्च बारीक कटी हुई

आधा छोटा चम्मच अमचूर पाउडर

आधा कप दही

2 बड़ा चम्मच थी

एक छोटा टुकड़ा दालचीनी

दो इलायची

1 तेज पत्ता

हल्दी नमक स्वाद अनुसार



### विधि :-

चावल को आधे घंटे के लिए गर्म पानी में भिगो दें। फिर एक कूकर में घी गरम करें और उसमें दालचीनी,लौंग, इलायची, तेज पत्ता अच्छी तरह से भूनें। अब मेथी को अच्छी तरह से धोकर डालदें और फ्राई करें फिर हरी मिर्च, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर,अमचूर पाउडर हल्दी व नमक डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। फिर एक कप पानी डालकर उबाल आने दें। अब भिगोए हुए चावल और दही डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। फिर धीमी आंच पर रखकर एक सीटी आने दे। एक सीटी आने के बाद गैस धीमी करें और दूसरी सिटी आने के बाद गैस बंद कर दें। 5 मिनट के बाद ढक्कन खोल दें और गरमा गरम मेथी पुलाव को। चटनी या रायते के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 30

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 29 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

## सू-दोकू- 30

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.29 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |